पेयजल मुद्दे को लेकर जन संवाद

निवाई। सामुहिक विकास संस्थान एवं कोरो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में गांव किशोरपुरा में पानी के मुद्दे पर एक दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमें ग्राम पंचायत सेदरिया से गजानंद यादव, कोरो इंडिया से सीमा जांगिड़ लगभग 70 सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया।

संवाद कार्यक्रक्रम में गांव में पेयजल की अनुपलब्धता पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायत द्वारा पेयजल हेतु एक प्वाइंट लगवाने का आश्वासन दिया।

महिला गिरफ्तार

बयाना भरतपुर (निस)। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, हरीराम कुमावत एवं वृताधिकारी बयाना कुष्णराज जांगिड के निर्देशन व सुपरवीजन में, पुलिस थाना बयाना टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की। आईपीसी में करीब सात वर्षों से फरार चल रही 3000 रुपये की ईनामी स्थायी वारंटी कुन्ती पत्नी प्रहलाद, उम्र 35 वर्ष, जाति कोली, निवासी नारौली, थाना रुदावल, जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में थाना बयाना टीम की सक्रियता, निरंतर प्रयास और तकनीकी दक्षता सराहनीय रही।

किशनगढ़वास पुलिस थाने पर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा

किशनगढ़ बास। पुलिस थाना किशनगढ़ बास पर एसडीएम मनीष जाटव, डीएसपी राजेंद्र निर्वाणा व थाना प्रभारी जितेंद्र शेखावत की उपस्थिति में सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी को अधिकारियों व सीएलजी सदस्यों ने जन्मदिन की बधाई दी और मुंह मीठा कराया। बैठक में अधिकारियों ने शहर की व्यवस्था पर सीएलजी सदस्यों से चर्चा की।

- **बैठक में अधिकारियों ने शहर की व्यवस्था पर सीएलजी सदस्यों से चर्चा की।**

इससे पहले संयुक्त व्यापार महासंघ के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने पूर्व सरपंच व रेडीमेड एसोसिएशन अध्यक्ष जनेश भूटानी के यहां पर एकत्रित होकर महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी का केक काटकर जन्मदिन मनाया और जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान व्यापारियों ने लखयाणी का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने व्यापारियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि व्यापारियों के हितों एवं सामाजिक कार्यों के लिए काम करेंगे। परमानंद लखयाणी को प्रशासनिक सहयोग एवं व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करने पर जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

इस दौरान संयुक्त महासंघ के पदाधिकारी मदनलाल अठावाल, विनय गोयल, नरेश बत्रा, संजय सिंघल, रमेश जैन वेदप्रकाश लखयाणी, जितेंद्र सोनी, प्रदीप भूटानी, संदीप वलेचा शिवहरी गुर्जर सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी को जन्म दिन पर मुंह मीठा कराकर बधाई दी ।

गंगा मंदिर के दुकानदारों को नोटिस

भरतपुर (निस)। नगर निगम द्वारा शहर के ऐतिहासिक गंगा मंदिर को रियासतकालीन रूप देने और मंदिर के एंट्री पॉइंट को हेरिटेज लुक में बदलने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। देवस्थान विभाग ने गंगा मंदिर के नीचे स्थित 16 दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया है, जबकि दो दुकानदारों को बेदखल करने का नोटिस भी दिया गया है। दुकानदारों ने देवस्थान विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि देवस्थान विभाग मनमानी कर रहा है, जबकि वे लगातार दुकानों का किराया देते आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे अपने व्यवसाय को चलाने के लिए इन दुकानों पर निर्भर हैं और बेदखली से उनके परिवारों पर असर पड़ेगा।देवस्थान विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नवीन किरायनीति के अनुसार किराया जमा नहीं कराया गया है और न ही किरायनीति नियमित कराई गई है, इसलिए बेदखल किया गया है। विभाग का उद्देश्य मंदिर को उसके मूल रूप में पुनर्स्थापित कर पर्यटन को बढ़ावा देना है।दुकानदारों का विरोध प्रदर्शन देखकर नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंचे।

परोपकार जीव को त्याग करने के लिए प्रेरित करता है : आचार्य सुन्दर सागर

निवाई । सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ पर आचार्य सुन्दर सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश एवं 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याण बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विज्ञातीर्थ के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य सुन्दर सागर महाराज वनस्थली मोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र की अर्हम सीमेंट फेक्ट्री से बुधवार को सुबह गाजे-बाजे के साथ रवाना होकर विज्ञातीर्थ पहुचे।

- **भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया**
- **विज्ञातीर्थ पर आचार्य सुन्दर सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ**

जहां आचार्यश्री का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। विज्ञातीर्थ पर आर्यिका ज्ञानश्री माताजी एवं ज्ञायकश्री माताजी ने आचार्यश्री की भव्य अगवानी की। इसके पश्चात आचार्यश्री ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए एवं अभिषेक एवं शांतिधारा करवाई। उन्होंने बताया कि विज्ञातीर्थ पर शांतिधारा करने का सोभाग्य महावीरप्रसाद पराणा को मिला।

उसके पश्चात भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। जिसमें निर्वाणकाण्ड बोलकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अशोककुमार जैन सिरस को मिला।

आचार्यश्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झुठ बोलना सबको पसंद है। लेकिन झुठे का फल किसी को पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि परोपकार जीव को त्याग करने के लिए प्रेरित करता है। त्याग ही ईश्वर दर्शन का मार्ग है। इस अवसर पर विष्णु बोहरा, योगेंद्र सिंघल, महेंद्र सारसोप, हर्षित संघी, नेहरू बड़ागांव, सुनील भाणजा, नवरत्न टोंग्या व राजेश सांवलिया सहित जयपुर निवाई टोंक चाकसू के कई श्रद्धालु मौजूद थे।

जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक व आरएलडी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने अत्यधिक बरसात होने से शहर में हुए जलभराव का जायजा लिया और नगर निगम व भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्तों को आमजन को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिये ट्रैक्टर पम्प व मड पम्प लगवाकर जल निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिए ।

डॉ. गर्ग ने शहर के वार्ड नंबर 4,5,6,7 सहित कई कॉलोनियां में पहुंचकर जलभराव के हालातों का जायजा लिया और आमजन को हो रही परेशानी को जाना । मौके से ही उन्होंने अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर जल निकासी के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए ।

उन्होंने जिला कलेक्टर से भी व्यक्तिगत मुलाकात कर जलभराव की समस्या न हो, इसके पुख्ता इंतजामात करने को कहा । साथ ही बर्षाकाल के बाद सड़कों को बनवाने पर भी जोर दिया । उन्होंने कलेक्टर से सीएफसीडी प्रोजेक्ट कार्य मे गति लाने की बात कहते हुए कहा कि जल्दी सीएफसीडी का कार्य पूरा हो जाएगा तो भरतपुर में जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी । शहर के दौरे के नगर निगम सचिव सहित पूर्व पार्षद सुरजीत सिंह , समुदर सिंह मौजूद रहे ।

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक के बाद एक 5 वाहन भिड़े

कोटपूतली । दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सब्जी मंडी के सामने दीवान होटल के समीप स्थित अस्थाई बस स्टैंड पर एक के बाद एक पांच वाहन आपस में टकरा गये। जिससे एक ट्रैलर, हरियाणा रोडवेज की बस और एक ईको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

- **हरियाणा रोडवेज की बस यात्रियों को बैठाने के लिये रुकी, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैलर ने बस को टक्कर मार दी**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरियाणा रोडवेज की बस यात्रियों को बैठाने के लिये जैसे ही रुकी, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैलर ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाईवे किनारे खडी अन्य कारें भी चपेट में आ गई। हादसे के समय सवारियों के बीच मची अफरा-तफरी में कुछ लोगों के चोटिल होने की सूचना है, हालांकि घायलों की स्थिति की पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। हादसे की सूचना मिलते ही कोटपूतली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया जिसे खुलवाने में पुलिस जुटी हुई है। हादसे से गुस्सायें लोगों ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के वक्त बारिश शुरू हो चुकी थी, जिससे अधिकांश यात्री सड़क से हट चुके थे। यदि बारिश नहीं होती तो यह दुर्घटना और भी भयावह हो सकती थी।

कोटपूतली में दुर्घटना में बड़ा हादसा टला, 2 कार, बस व ट्रेलर क्षतिग्रस्त हो गये।

कलेक्टर से गुहार लगाई

भरतपुर (निस)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत वैर और हलैना राजीवका स्वयं सहायता समूह और ग्राम पंचायत के बीच हुए एमओयू के अनुसार, महिलाओं को ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का काम सौंपा गया। लेकिन महिलाओं का आरोप है कि काम करने के बाद भी दो महीने से उन्हें भुगतान नहीं किया गया है और उनसे काम छीना जा रहा है। इस मामले को लेकर महिलाएं बड़ी संख्या में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची और जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अवगत कराया. जिला कलेक्टर ने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी।

महिला विमलेश ने बताया कि राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के राजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई का कार्य का एमओयू राजीवका क्लस्टर लेवल फेडरेशन और ग्राम पंचायत के मध्य 1 साल के लिए हुआ था। वह राजीवका स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई है। ग्राम पंचायत के द्वारा जो साफ सफाई का काम करवाया जाता था वह राजीवका से जुड़ी महिलाओं को दिया गया।

हर समाज की महिलाएं साफ सफाई के लिए लगी हुई हैं एमओयू साइन हुए दो माह का समय हो गया. विकास अधिकारी और ग्राम प्रशासक द्वारा एमओयू पर साइन किया गया और सभी शर्ते मानी गई. जब पेमेंट की बात आई तो उन्होंने कहा हमारा कोई लेना-देना नहीं है. हमारे द्वारा पेमेंट तब किया जाएगा जब मिलकर बात होगी. जब उनसे मिलकर बात की तो वह पेमेंट में हिस्सेदारी मांग रहे हैं.एक महिला को प्रति माह 8400 रुपए मजदूरी मिलती है .जिनमें से वे अलग से अपनी हिस्सेदारी मांग रहे है जो कि गलत है। नीमा उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के सफाई कार्य को राजीव का के स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं द्वारा किया जा रहा था जिससे महिलाओं को रोजगार मिला था।

अध्ययन कार्य प्रारंभ

निवाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय निवाई में बीए पार्ट द्वितीय तथा बीए पार्ट 3 सेमेस्टर द्वितीय तथा सेमेस्टर चतुर्थ का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है। प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 7 जुलाई को होगा। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिय़ा ने बताया कि बीए पार्ट द्वितीय तथा तृतीय का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम का नवीन प्रवेश कार्य भी चल रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 3 जुलाई है। प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 7 जुलाई को होगा। दस्तावेज सत्यापन तथा ई-मित्र पर फीस जमा करने का प्रारंभिक तिथि 7 जुलाई तथा अंतिम तिथि 11 जुलाई 2025 है। अत: छात्राएं समय पर दस्तावेज सत्यापन करवाकर शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि बीए पार्ट प्रथम को द्वितीय वर्ष में तथा बीए पार्ट द्वितीय को तृतीय वर्ष में प्रमोट कर दिया गया है।

कॉलोनी में जलभराव से हालात बदतर

भरतपुर (निस)। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यू पुष्प वाटिका कॉलोनी में तो स्थिति और भी बदतर है, जहां पानी निकास की व्यवस्था न होने के कारण घरों में पानी भर गया है और मुख्य सड़क तालाब जैसी बन गई है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पानी निकासी के लिए नगर निगम के द्वारा पंप सेट लगा दिए है लेकिन इस कॉलोनी में अभी तक कोई भी पानी की निकासी के लिए व्यवस्था नहीं की गई है. अगर ऐसे ही स्थिति रही तो यहां के लोग पलायन करने को मजबूर होंगे। न्यू पुष्प वाटिका कॉलोनी निवासी समुन्दर सिंह ने बताया कि उसे मकान बने हुए करीब 15 साल हो गए इस समय से स्थिति जस की तस बनी हुई है थोड़ी सी बारिश होने पर यहां पानी जमा हो जाता है क्योंकि पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं है जो भी रास्ता है वह नाल है और उसे पर भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है यहां के लोगों का बारिश के समय में जीना दुश्वार हो जाता है अधिकतर परिवार पलायन भी कर जाते हैं क्योंकि सड़कों पर करीब दो-दो फीट पानी जमा है और अब घरों में भी घुसने लगा है. घरों के बाहर जहरीले कीड़े मकोड़े विचरण कर रहे है । कई बार जिला कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ । ललित सिंह ने बताया कि लगातार हो रही बरसात के बाद न्यू पुष्प वाटिका कॉलोनी में जलभराव से बाढ़ जैसे हालात हो गए।

शिविर में ग्रामीणों को पट्टे बांटे

निवाई। ग्राम पंचायत पलेई में उपखंड अधिकारी अनीता खटीक के आदेशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें कई मुददों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को पट्टे वितरण किए गए। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संबल शिविर केवल कागजों तक सीमित है उनमें समस्या का समाधान केवल नाम मात्र ही होता है और खाना पूर्ति की जाती है। इसलिए इन शिविरों से ग्रामीणों का विश्वास उठ गया है शिविर में केवल पट्टे वितरण किए गए और कोई ग्रामीणों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया। इस अवसर पर शंकरलाल मीणा, खेमराज मीणा, मीठालाल मीणा, गोविंद सिंह चौहान, प्रताप सिंह, रामअवतार बैरवा, रमेशचंद कारपेंटर, गोपाल मीणा व विष्णु शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

सड़क पर कीचड़ से ग्रामीण दुखी

टोंक। निवाई उपखण्ड के दत्तवास क्षेत्र स्थित सिरोही से बड़ागांव जाने वाली सड़क पर पिछले सात दिन से बारिश का पानी जमा होने से सड़क पर की कीचड फैल गया, जिससे वाहनों को निकलने में परेशानी से ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बारिश में यही हाल होता है। पानी भरने से छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों और शिक्षकों को दिक्कत हो रही है, छोटे बच्चों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है, स्कूली बच्चों को रोज इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ मिट्टी डाल कर नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे पानी निकलने का रास्ता बंद हो गया है। इसी कारण सात दिन से सड़क पर पानी जमा है। जिससे आये दिन घटनायें होती रहती है, मंगलगवार को दुकानदार द्वारा रात लौटते समय सिरोही गांव में सड़क के बीच भरे पानी में गिर जाने से हाथ में चोट तथा मोटरसाइकिल पानी में गिरने से खराब हो गई।

- **सड़क पर जाम लगने की चेतावनी दी**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सात दिन में समाधान नहीं हुआ तो फिर से सड़क जाम किया जाएगा, इस दौरान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से सडक पर हो रही किचड व अतिक्रमण हटाने हेतु मांग की है। इस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के जेईएन शुभम खंडेलवाल ने बताया कि सिरोही गांव में सड़क पर पानी भरे रहने की शिकायत मिली है, जिससे प्रशासन को पत्र भेजकर अवगत कराया है, उन्होने बताया कि तीन दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

सड़क पर जलभराव से से छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों और शिक्षकों को दिक्कत हो रही है ।

आम-सूचना जमना देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार, उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड नम्बर-5, जलिन्द्रा कॉलोनी, दांता, तहसील-दांतारामगढ़, जिला-सीकर (राजस्थान) ने मेरी अभिभाषा फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना वृन्दावन विहार स्थित ग्राम पैतावास, हाथोज, कालवाड रोड, जयपुर के भूखण्ड संख्या-92 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज के डुप्लीकेट दस्तावेज हेतु आवेदन किया, साथ ही भूखण्ड के खरीद सम्बन्धि दस्तावेजात, मूल दस्तावेजात की फोटो प्रतियाँ, शपथ पत्र, बन्ध पत्र व पुलिस रपट समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये गये तथा उक्त भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेजात हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेजात के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में सम्पर्क करें, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेंगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा।

(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक: 4336 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 18.10.2024

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या MA-I/413 (MIG-A), (एरिया 35.53 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री हनुमान सिंह कटेवा पुत्र श्री बजरंग लाल कटेवा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3346 दिनांक 30.06.2011 को जारी किया गया। श्री हनुमान सिंह कटेवा के पक्ष में उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 29.09.2016 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री हनुमान सिंह कटेवा की मृत्यु- दिनांक 03.02.2023 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती सायब कौर पत्नी स्व. श्री हनुमान सिंह द्वारा उक्त आवंटन को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अत: उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मंण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती सायब कौर पत्नी स्व. श्री हनुमान सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-5202 दिनांक-02.07.2025

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 83/54 (HIG) (एरिया 192.150 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन डॉ. राजवीर सिंह पुत्र स्व. श्री हेमलाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 819 दिनांक 26.04.1993 को जारी किया गया। डॉ. राजवीर सिंह के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 17.09.1999 को उप पंजीयक-सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। डॉ. राजवीर सिंह द्वारा श्री मेवाराम पुनिया पुत्र स्व. श्री जगराम सिंह को दिनांक 02.11.2000 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री मेवाराम पुनिया द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 20.04.2002 के द्वारा श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री आर.बी.एल. शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री आर.बी.एल. शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री आर.बी.एल. शर्मा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम प्रियांशी कुमारी (Priyansee Kumari) दर्ज है जो की गलत है, आधार कार्ड में प्रियांशी कुमारी (Priyanshi Kumari) अकित है जो की सही है, हवलदार रामबहादुर आर्मी नंबर 14830817Y

उमा देवी उम्र 38 वर्ष पत्नी अशोक शर्मा, जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम सारंगपुरा, बड के बालाजी, अजमेर रोड, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर-302026 यह कि उमा देवी व उपनाम उमा कुमारी शर्मा दोनों ही नाम मेरे भविष्य में मुझे दोनों नामों से जाना जावें।

खोया पाया

मेरे प्लॉट संख्या 9/892 मालवीय नगर का नो ड्यूज लेटर कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। रामअवतार शर्मा 9958586530

मेरे RHB प्लॉट नंबर 34/221 प्रताप नगर, सांगानेर का अलॉटमेंट पजेशन लेटर नंबर EM-1/JC-1, 808 दिनांक 30.04.1992 कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। देव दत्त शर्मा 9166511265

मैं सुशीला देवी पुत्री आनंदीलाल रेगर रसीद नम्बर 61391-ए, प्लॉट नम्बर 159, 100 वर्गगज बाबा आर.एन. गोड गृह निर्माण सहकारी समिति की पिंकसिटी नगर योजना, बरखेड़ा शिवदासपुरा टोंक रोड जयपुर योजना के मूल कागजात कहीं खो गए है। मिले तो इन नम्बरों पर सूचित करें- 6376354744

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्रारूप-10 (नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)

क्रमांक-951 **लोक सूचना** दिनांक-02.07.2025

श्री रामनिवास मीणा पुत्र श्री बलभाराम मीणा निवासी वार्ड नं. 14, श्रीमाधोपुर जिला-सीकर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग आवासीय हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला-सीकर तहसील-श्रीमाधोपुर	ग्राम-श्रीमाधोपुर	खसरा नंबर 3092/2751 खसरा नंबर 3094/2744	0.0680 है. 0.0045 है कुल-0.0725 है.
जिला-सीकर तहसील-श्रीमाधोपुर	ग्राम-श्रीमाधोपुर	खसरा नंबर 3090/2751	00750 है.

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02.07.2025 को जारी की गयी।

(डॉ. अशोक कुमार) प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

सार्वजनिक सूचना

क्रमांक-न.नि.भ./स्कीम/2025-26/5936-937 दिनांक-01.07.2025

स्टेडियम नगर योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 163 क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 225 दिनांक 24.08.2016 नगर विकास न्यास, भरतपुर द्वारा श्री शैलेन्द्र सिंह पुत्र श्री रघुनाथ सिंह जाति जाट निवासी स्टेडियम नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्री शैलेन्द्र सिंह पुत्र श्री रघुनाथ सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 23.09.2016 के द्वारा श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री जीवन सिंह को विक्रय कर दिया। आवेदक श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री जीवन सिंह जाति जाट निवासी ग्राम बाछरैन, तह. वैर, जिला भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं।

भूखण्ड संख्या 163, स्टेडियम नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 163, स्टेडियम नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड, गर्ल्स स्कूल के पास, सांगानेर जयपुर)
E-mail :- eesanganerzone01@gmail.com

क्रमांक :- जसअ/2025/123 दिनांक: 30.06.2025

निविदा सूचना संख्या 50, 51-52/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदकों एवं नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि. अभि. (सांगानेर जोन) से संबंधित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in & www.jaipurmc.org पर देखी जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number JMC2526WSOB00901, JMC2526WSOB00936 - JMC2526WSOB00937 है।

अधिशाषी अभियंता
सांगानेर जोन
नगर निगम जयपुर ग्रेटर

राज.संवाद/सी/25/5415

Aavas SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड

(सीआईएन: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोन: +91 141 661 8800
फैक्स: +91 141 661 8861 | ईमेल: info@aavas.in | वेबसाइट: www.aavas.in

सार्वजनिक सूचना

कंपनी की दौसा शाखा को नए स्थान पर स्थानांतरित करने की सूचना

यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की दौसा शाखा इस सूचना की तारीख से तीन महीने बाद **पहली मंजिल व दूसरी मंजिल, तिवारी धर्म कांटा के सामने, चौधरी पेट्रोल पंप के पास, आगरा रोड, दौसा, 303303 राजस्थान** से प्लॉट नं. R-28/1, सैंथल मोड, ओसवाल पेट्रोल पंप के पास, जिला दौसा, पिन - 303303, राजस्थान स्थान पर स्थानांतरित कर दी जाएगी।

आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए
एसडी/-
शरद पाठक
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 02 जुलाई 2025
स्थान: दौसा

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका मण्डल, देवली (टोंक) राज.

क्रमांक न.पा.दे./कृषि भूमि/2025-26/11752 दिनांक-02.07.2025

लोक सूचना

श्री भैरू लाल पुत्र श्री देवी लाल निवासी कीर मोहल्ला देवली जिला टोंक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	रकबा/क्षेत्र	मास्टर प्लान में दर्शित भू-उपयोग	भू-उपयोग का प्रकार
तह. देवली जिला टोंक	देवली गांव	3441	0.1200 है.	मास्टर प्लान में कृषि	कृषि से औद्योगिक (डेयरी उद्योग)

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान